**भारत सरकार**

**योजना मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2950**

**दिनांक 12.12.2016 को उत्तर देने के लिए**

## कृषि विपणन और कृषक हितैषी सुधार सूचकांक

**2950. श्री राजीव शुक्ल:**

क्या **योजना मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा तय किए गए सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को हासिल करने के लिए कोई कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सतत विकास लक्ष्यों तथा उद्देश्यों को हासिल करने में अब तक कोई प्रगति हुई है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय**
**तथा राज्य मंत्री, शहरी विकास एवं**
**आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय**
**(राव इंद्रजीत सिंह)**

(क) और (ख) जी हां, भारत सहित 193 देशों द्वारा सितम्बर, 2015 में संयुक्त राष्ट्र आम सभा में 17 संधारणीय विकास लक्ष्यों (एसडीजी) और संबंधित 169 लक्ष्यों का संकल्प लिया गया है और यह 1 जनवरी, 2016 से लागू हुआ। केन्द्र सरकार के स्तर पर नीति आयोग को संधारणीय विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के कार्यान्वयन की देख-रेख करने का कार्य सौंपा गया है, जबकि सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय 17 एसडीजी और 169 लक्ष्यों से संबंधित संकेतक तैयार करने के लिए उत्तरदायी है। नीति आयोग ने नोडल केन्द्रीय मंत्रालयों, केंद्र प्रायोजित स्कीमों (सीएसएस) और प्रमुख सरकारी पहलों से संबंधित 17 लक्ष्यों एवं अन्य मंत्रालयों के प्रत्येक उद्देश्य का विस्तृत मापन किया है। इसने मापन को केन्द्रीय मंत्रालयों को परिचालित किया है और एसडीजी तथा लक्ष्यों के प्रति और अधिक जागरूकता लाने तथा तीव्र कार्यान्वयन के लिए इसे नीति आयोग की वेबसाइट (niti.gov.in) पर अपलोड किया गया है। नीति आयोग ने राज्यों और संघ राज्य-क्षेत्रों के सभी मुख्य सचिवों को एसडीजी के तीव्र कार्यान्वयन हेतु अपने संबंधित विभागों के संबंध में एसडीजी तथा संबंधित लक्ष्यों का इसी प्रकार मापन करने का अनुरोध करते हुए प्रारूप मापन की प्रति भी भेजी है।

(ग) जी, हां।

(घ) एसडीजी के लक्ष्यों और उद्देश्यों को विभिन्न मंत्रालयों द्वारा विभिन्न सामाजिक क्षेत्रक स्कीमों/पहलों जो एसडीजी को हासिल करने में मदद कर रही है, के माध्यम से हासिल किया जाएगा।